## संपादकीय

# गुलाबी जीत

आखिरकार बांग्लादेश के साथ कोलकाता के प्रसिद्ध ईडन गार्डन्स में खेला गया दूसरा व अंतिम टेस्ट कई मायने में यादगार साबित हुआ। बांग्लादेश को पारी के अंतर से हराने के साथ भारत ने श्रृंखला तो अपने नाम की ही, साथ ही जीत का विश्व रिकॉर्ड भी बना डाला। यह मैच इस मायने में खास था कि क्रिकेट में विशिष्ट माने जाने वाले टेस्ट क्रिकेट में नये रंग भरने के लिये भारत में पहली बार दिन-रात का टेस्ट क्रिकेट खेला गया, जिसमें पहली बार गुलाबी गेंद का इस्तेमाल किया गया। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली जुनून की हद तक गुलाबी गेंद से क्रिकेट खिलवाने को उत्सुक थे। भारत ने गुलाबी जीत का स्वाद भी चखा। निःसंदेह कोलकाता टेस्ट में बांग्लादेश को तीसरे दिन ही एक पारी और 46 रन से हराना भारतीय रणबांकुरों की कामयाबी ही कही जायेगी। भारत ने 2-0 से यह सीरीज भी अपने नाम की। खास बात यह है कि इस जीत के साथ ही भारतीय टीम पारी के अंतर से लगातार चार मैच जीतने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई है। टीम इससे पूर्व दक्षिण अफ्रीका को पुणे में एक पारी और 137 रन से, रांची में भी दक्षिण अफ्रीका को एक पारी और 202 रन के अंतर से तथा बांग्लादेश को इंदौर में एक पारी और 130 रन के अंतर से हरा चुकी है। गुलाबी गेंद के इस दिन-रात के मैच में स्पिनर तो नहीं चले मगर तेज गेंदबाजों ने धारदार गेंदबाजी करके मैच का रुख ही बदल दिया। यह मैच विराट कोहली के नये रिकॉर्ड के लिये भी याद किया जायेगा। विराट ने जब इस मैच में बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता टेस्ट मैच में बत्तीस रन पूरे किये तो वह एक नया रिकॉर्ड बना चुके थे। वे एक कप्तान के रूप में सबसे तेज पांच हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बन चुके थे। क्लाइव लॉयड, एलेन बॉर्डर, रिकी पोंटिंग, स्टीफन फ्लेमिंग और ग्रैम स्मिथ के बाद वे ऐसा करने वाले भले ही छठे कप्तान हों, मगर कोहली ने यह उपलब्धि सबसे कम पारी खेलकर हासिल की है। उन्होंने यह कामयाबी 53 टेस्ट में 86 पारियां खेलकर हासिल की।

निःसंदेह टेस्ट क्रिकेट एक एलीट खेल के रूप में प्रतिष्ठित रहा है। पांच दिन तक चलने वाले इस खेल में सफेद ड्रेस और लाल बॉल के साथ खेलने का अपना रोमांच है। मगर हाल के दिनों में वन -डे और फिर टी-20 मैचों के सम्मोहन ने टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता में कमी की है। फिर भी मौलिक और असली क्रिकेट के रूप में टेस्ट क्रिकेट की मान्यता बरकरार है, जिसमें कलात्मक क्रिकेट और खिलाड़ियों के दमखम की परख होती है। मगर सत्तर के दशक के बाद वन डे क्रिकेट के विस्तार और सन् दो हजार के बाद टी-20 ने अप्रत्याशित लोकप्रियता हासिल की। कहा जाने लगा कि टेस्ट क्रिकेट को अब दर्शक नहीं मिलते। कमोबेश यही स्थिति भारत में भी रही है। वैसे इस संकट को महसूस करते हुए वर्ष 2015 में गुलाबी गेंद के साथ डे-नाइट टेस्ट खेलने की शुरुआत एडिलेड में न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के बीच हुई। इस मैच में न्यूजीलैंड की जीत के बाद ऐसे एक दर्जन मैच खेले जा चुके हैं। दरअसल, दिन-रात के मैचों में कृत्रिम रोशनी में लाल गेंद को लेकर खिलाड़ियों को दिक्क त होती रही है, अतः आसानी से नजर आने वाली गुलाबी गेंद का सहारा लिया जाता है।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज 10 लाख करोड़ वैल्यूएशन वाली देश की पहली कंपनी बनी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज यानी आरआईएल ने गुरुवार को इतिहास रच दिया। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 10 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। इस कीर्तिमान को हासिल करने वाली रिलायंस देश की पहली कंपनी बन गई है। रिलायंस के शेयर में आई तेजी की वजह से मार्केट कैप में उछाल आया है। एनएसई पर रिलायंस का शेयर फिलहाल (10:41 एएम)





0.50 फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ कोराबार कर रहा है। यह 1580 रुपये ऊपर बना हुआ है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में आई तेजी के चलते कंपनी का मार्केट कैप अब तक के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। शेयर ने एक हफ्ते में 2 फीसदी, एक महीने में 10 फीसदी, तीन महीने में 24 फीसदी, 9 महीने में 29 फीसदी और एक साल में 40 फीसदी का बंपर रिटर्न दिया है।

अगर किसी निवेशक ने रिलायंस के आईपीओ में 10 हजार रुपये लगाए होते तो उसकी कुल रकम बढ़कर 2.10 करोड़ रुपये हो जाती। आपको बता दें कि पिछले 42 साल में रिलायंस के शेयर ने 2,09,900 फीसदी का रिटर्न दिया है। अगर अभी भी कोई निवेशक रिलायंस के शेयर में पैसा लगाना चाहता है तो उसके पास अच्छा मौका है। क्योंकि कई बड़ी रेटिंग एजेंसी ने खरीदारी की सलाह दी। अमेरिकी रेटिंग एजेंसी मॉर्गन स्टेनली ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर को ओवरवेट रेटिंग दी है। साथ ही, शेयर का लक्ष्य 28 फीसदी बढ़ाकर 2000 रुपये कर दिया है।

# एबीबी इंडिया के पावर ग्रिड कारोबार को अलग करने के प्रस्ताव को एनसीएलटी की मंजूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एबीबी इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की बेंगलूरू पीठ ने उसके पावर ग्रिड कारोबार को अलग कर एबीबी पावर प्राडक्ट्स एण्ड सिसटम्स इंडिया लिमिटेड (एपीपीएसआईएल) को देने को मंजूरी दे दी है। एबीबी ने शेयर बाजारों को भेजी नियामकीय सूचना में कहा है, ''राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की बेंगलूरू पीठ ने 27 नवंबर 2019 के अपने आदेश के तहत उसके पावर ग्रिड व्यवसाय को अलग कर एपीपीएसआईएल को देने की योजना को कंपनी कानून 2013 की धारा 230-232 और अन्य लागू प्रावधानों के तहत मंजूरी दे दी।'' सूचना में कहा




गया है कि एनसीएलटी के आदेश की प्रमाणित प्रति कंपनी रजिस्ट्रार को सौंपे जाने के साथ ही योजना प्रभावी हो जायेगी। एबीबी इंडिया ने इससे पहले मार्च में भेजी गई नियामकीय सूचना में कहा था कि उसके पावर ग्रिड कारोबार को अलग करने के प्रस्ताव से मौजूदा पावर ग्रिड डिवीजन को बिजली ढांचागत सुविधाओं के क्षेत्र में लंबे समय से चले आ रहे कारोबार को स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# सीडीएसएल में 4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी बीएसई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रमुख शेयर बाजार और सेंट्रल डिपोजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) की प्रवर्तक बीएसई, इसमें अपनी 4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार बीएसई, सीडीएसएल में 41.8 लाख इक्विटी शेयर यानी 4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगा। यह हिस्सेदारी बिक्री पेशकश के जरिये बेची जाएगी। हिस्सेदारी बिक्री संस्थागत निवेशकों के लिये गुरुवार को और खुदरा निवेशकों के लिये शुक्रवार को एनएसई में होगी। सितंबर तिमाही के अंत में बीएसई की सीडीएसएल में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। बैंक तथा वित्तीय संस्थानों की हिस्सेदारी 22.42 प्रतिशत, म्यूचुअल फंड की 9.54 प्रतिशत और एफपीआई की 1.78 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सीडीएसएल का शेयर एनएसई में फिलहाल 221.70 पर कारोबार कर रहा है। यह पिछले बंद भाव से 0.72 प्रतिशत नीचे है।

# एअर इंडिया को पिछले वित्त वर्ष में हुआ 4685 करोड़ का परिचालन संबंधी घाटा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नागर विमानन मंत्री हरदीप पुरी ने गुरुवार को कहा कि एअर इंडिया को वित्तीय वर्ष



2018-19 में 4685.24 करोड़ रुपये का परिचालन संबंधी घाटा हुआ। लोकसभा में वीके श्रीकंदन के प्रश्न के लिखित उत्तर में पुरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''एअर इंडिया को वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान 4685.24 करोड़ रुपये का परिचालन संबंधी घाटा हुआ।'' मंत्री ने कहा कि इस विमानन कंपनी को 25509 करोड़ रुपये का प्रचालन राजस्व हुआ तो प्रचालन व्यय 30194 करोड़ रुपये का खर्च हुआ।

# गौरव गिल एक्स1 रेसिंग लीग से ट्रैक पर वापसी करेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के चोटी के रैली ड्राइवर गौरव गिल 30 नवंबर को बुद्धा अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर होने वाली पहली एक्स1 रेसिंग से फिर से फिर से ट्रैक पर वापसी करेंगे। यह दुनिया की पहली फ्रेंजाइजी आधारित मोटरस्पोटर्स लीग है। अरमान इब्राहिम और आदित्य पटेल जैसे नामी रेसरों द्वारा शुरू की गयी दुनिया की पहली फ्रेंजाइजी आधारित मोटरस्पोटर्स प्रतियोगिता में छह टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस लीग में 30 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रैली ड्राइवर हिस्सा लेंगे।एक्स1 रेसिंग लीग दो चरणों में आयोजित होगी। पहला चरण 30 नवम्बर से एक दिसम्बर तक बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर जबकि दूसरा चरण 7-8 दिसम्बर को चेन्नई के मद्रास मोटर रेस ट्रैक पर होगा।अरमान



इब्राहिम ने कहा, ''एक्स1 रेसिंग मोटरस्पोटर्स को करीब से महसूस करने के लिए भारतीयों के लिए एक शानदार प्लेटफार्म होगा। हम चाहते हैं कि भारत के युवा चालकों को एक्स1 रेसिंग के माध्यम से मोटरस्पोटर्स में प्रवेश मिले। इस लीग को आयोजित करने का मुख्य लक्ष्य युवा भारतीयों को मोटरस्पोटर्स को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना है। ''फार्मूला वन के दिग्गज निकी लाउदा के बेटे मथायस लाउदा एडी रेसिंग दिल्ली टीम में शामिल हैं। मथायस ने एक्स1 रेसिंग का भारत पर पड़ने वाले असर के बारे में बताया। मथायस ने कहा, ''मुझे लगता है कि मोटरस्पोटर्स के लिए फ्रेंजाइजी आधारित प्रारूप काफी उपयुक्त है। यह सभी खेलों में काफी सफल है। आशा है कि एक्स1 रेसिंग लीग वक्त के साथ मजबूत होता जाएगा। यह एक नया प्रारूप है, जहां अंतरराष्ट्रीय और घरेलू चालक एक साथ हिस्सा लेंगे और इस प्रतियोगिता को रोचक बनाएंगे।''

# साल्ट लेक स्टेडियम की सुविधाओं से फीफा निरीक्षण टीम संतुष्ट

**कोलकाता।** फीफा की आठ सदस्यीय निरीक्षण टीम ने अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए चुने गये स्थलों में एक यहां के साल्ट लेक स्टेडियम के बुनियादी ढांचे पर बुधवार को संतोष व्यक्त किया। अंडर-17 महिला विश्व कप की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) ने एक बयान में कहा, '' इस स्टेडियम ने पहले ही फीफा विश्व कप (पुरुष अंडर-17) के मैचों की मेजबानी की है ऐसे में बुनियादी ढांचा मौजूद है



जहां 2017 की विरासत को देखना अच्छा है। बुनियादी ढांचा अच्छी स्थिति में है और इस बार भी उसी परिचालन योजना का इस्तेमाल किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा, '' खेलों में लगातार नयी तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है, ऐसे में लगातार सुधार जरूरी है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते है कि फीफा अंडर 17 विश्व कप 2020 के दौरान सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं और माहौल मिले।'' ओलिवर वोग्ट के नेतृत्व में फीफा और एलओसी प्रतिनिधिमंडल इसके बाद गुरुवार को गुवाहाटी स्थिति स्थल का निरीक्षण करेंगे। फीफा महिला अंडर - 17 विश्व कप का आयोजन दो से 21 नवंबर 2020 तक होगा।

# वेट लॉस और पेट की चर्बी घटाने में मददगार है आंवले का जूस

जब बात वेट लॉस यानी वजन घटाने की आती है तो एक्सर्साइज के साथ-साथ सही खानपान भी जरूरी है। वैसे तो वेट लॉस के लिए आपको मेहनत करनी ही पड़ती है और कोई भी चीज शरीर पर जादू जैसा असर नहीं करती। लेकिन कुछ फूड आइटम्स ऐसे जरूर हैं जिन्हें अगर आप अपनी डायट में शामिल कर लें तो आपका वेट लॉस मिशन आसान जरूर बन जाएगा। उन्हीं फूड प्रॉडक्ट्स में से एक है आंवला।

**मैजिकल इन्ग्रीडिएंट है आंवला-** विटमिन सी, ऐंटीऑक्सिडेंट्स, पॉलिफेनॉल्स से भरपूर आंवला शरीर में मौजूद हानिकारक टॉक्सिन्स को निकालने में मदद करता है। वेट लॉस और फैट बर्न करने के लिए या तो आपको कम कैलरी का सेवन करना चाहिए या फिर जितनी कैलरी का आप सेवन कर रहे हैं उससे ज्यादा कैलरीज को बर्न करना चाहिए। आंवला इस मामले में एक जादूई इन्ग्रीडिएंट है जिसमें कैलरी बेहद कम होती और यह वेट लॉस में मदद करता है।

**मेटाबॉलिज्म को मजबूत बनाता है आंवला-** फैट से लड़ने के मामले में सुपरफूड माना जाता है आंवला क्योंकि इसमें



मौजूद विटमिन सी आपकी इम्यूनिटी को स्ट्रॉन्ग बनाता है। शरीर से टॉक्सिन्स निकालकर मेटाबॉलिज्म को मजबूत बनाता है ताकि फैट बर्निंग का प्रोसेस तेज हो सके।

**फैट दूर करने में मददगार-** आंवला में हाइपोलिपिडैमिक प्रॉपर्टीज पायी जाती है जिससे फैटी लिवर और कलेस्ट्रॉल के लक्षणों से लड़ने में मदद मिलती है और साथ ही मोटापा भी कम होता है। इन सभी खूबियों की वजह से आंवला एक्स्ट्रा फैट को शरीर से दूर करने में असरदार साबित होता है।

**फाइबर से भरपूर आंवला-** आंवला फाइबर का भी बेहतरीन सोर्स है जिस वजह से यह शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने, पाचन को बेहतर बनाने, गट यानी आंत के बेहतर फंक्शन करने और कब्ज को दूर करने में भी मदद करता है। ये सारी चीजें जब सही तरीके से काम करेंगी तो आपका वजन तेजी से घटने लगेगा।

# पति पत्नी और वो में हटाया गया मैरिटल रेप पर कार्तिक आर्यन का विवादित डायलॉग

कुछ ही दिनों में कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे की फिल्म पति पत्नी और वो रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का ट्रेलर काफी पसंद किया गया है लेकिन फिल्म में कार्तिक आर्यन के एक मैरिटल रेप वाले डायलॉग पर काफी लोगों ने आपत्ति उठाई थी। अब फिल्म के मेकर्स ने कन्फर्म किया है कि फिल्म से कार्तिक का यह विवादित डायलॉग हटा दिया गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म प्रड्यूसर जूनो चोपड़ा ने कन्फर्म किया है कि लोगों कि भावनाओं को ध्यान में रखकर इस विवादित डायलॉग को हटा दिया गया है।



सोशल मीडिया पर इस डायलॉग की तीखी आलोचना हुई थी और कार्तिक आर्यन पर यह आरोप लगे थे कि वह मैरिटल रेप को मजाक में ले रहे हैं।

जूनो ने कहा, मेरे दादा (बीआर चोपड़ा) और मेरे पिता (रवि चोपड़ा) ने हमेशा सामाज से जुड़े मुद्दों पर फिल्में बनाई हैं जबकि मैंने ऐसी कोई फिल्म नहीं बनाई है। मैं सही काम करने में विश्वास करता हूं और लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए हमने इन लाइन्स को एडिट कर दिया है।

बता दें कि ट्रेलर में कार्तिक अपने दोस्त से बात करते हुए कहते हैं, बीवी से सेक्स मांग लें तो हम भिखारी। बीवी को सेक्स न दें तो हम अत्याचारी और किसी तरह जुगाड़ लगा के उससे सेक्स हासिल कर लें तो बलात्कारी भी हम हैं। बता दें कि इस डायलॉग पर एक इंटरव्यू में भूमि पेडनेकर ने भी माफी मांगी थी। यह फिल्म 6 दिसंबर 2019 को रिलीज होगी।

# टीवी कॅरियर से ही संतुष्ट हूं : करुणा पांडे

हाल ही में नवाजुद्दीन सिद्दीकी अभिनीत फिल्म मोतीचूर चकनाचूर में नजर आई अभिनेत्री करुणा पांडे ने कहा कि वह अपने टेलीविजन कॅरियर से संतुष्ट हैं और यह उन्हें लाभदायक लग रहा है। उन्होंने कहा, मैंने 2005 में राजश्री प्रोडक्शन के धारावाहिक वो रहने वाली महलों की से शुरुआत की थी और इसी प्रोडक्शन के छह धारावाहिकों में काम किया। इसके बाद मैंने एक भूत वाले सीरियल में काम किया। मुझे भाग रे मन और देवांशी में अभिनय के लिए दर्शकों की खूब सराहना मिली। मैं टीवी के अपने कॅरियर से पूरी तरह संतुष्ट हूं। यह मेरे लिए लाभदायक भी है। करुणा ने कहा, मैं थिएटर भी करती हूं। इसमें अपनी अभिनय प्रतिभा को निखारने का भरपूर मौका मिलता है।



## आज का राशिफल

*मेषः-* राशि का स्वामी मंगल-पापग्रहों की संगति में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा।

*वृषभः-* आज का दिन संतोष और शान्ति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है।

*मिथुनः-* राशि स्वामी की व्यग्रता के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में अशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा।

*कर्कः-* चंद्रमा पंचम भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

*सिंहः-* राशि का स्वामी सूर्य वृश्चिक चतुर्थ राशि जन्म लग्न भाव में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी।

*कन्याः-* राशि स्वामी बुध द्वितीय कोष वृद्धि कर रहा है। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

*तुलाः-* आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है।

*वृश्चिकः-* आपकी राशि पर शनि की साढ़ेसाती कुछ दिन और चलेगी। फलस्वरूप कुछ आन्तरिक विकार आपको परेशान कर सकते हैं।

*धनुः-* आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है।

*मकरः-* आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी मिलेगा।

*कुंभः-* आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि उदय चल रहा है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े विवाद से बचें।

*मीनः-* आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा।

# काजू जलेबी बनाने की विधि



### सामग्री -

काजू- 400 ग्राम, दूध- 35 मिलीलीटर, चीनी- 300 ग्राम, केसर- 1/4 टेबल स्पून, देसी घी- अंदाजानुसार, दालचीनी पाउडर- 1/4 टेबल स्पून, पिस्ता- गार्निशिंग के लिए, चांदी वर्क- सजाने के लिए, पानी- अंदाजानुसार

### बनाने की विधिः

काजू जलेबी बनाने के लिए सबसे पहले मिक्सर में काजू को डालें और पीसकर उसका फाइन पाउडर बना लें। अब एक बर्तन में छननी रखकर काजू के इस पाउडर को अच्छी तरह छान लें, जब तक इसका एक सॉफ्ट पाउडर ना निकल आए।अब एक कटोरी में दूध लें और उसमें केसर डालें और अच्छी तरह मिला लें।अब गैस पर मध्यम आंच पर एक पैन चढ़ाए और उसमें पानी डालें, फिर इसमें चीनी डालें और इसे तब तक उसे पकाएं जब तक चीनी अच्छे से घुल ना जाए। इसके बाद इसमें पीसा हुआ काजू का पाउडर डालें और इसे कम से कम दस मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। फिर इसमें देसी घी और इलायची पाउडर डालें और इसे अच्छी तरह से मिलाएं।अब मिक्सचर को तब तक पकाएं जब तक ये गाढ़ा ना हो जाए। गाढ़ा होने के बाद इसे पांच मिनट के लिए ठंडा होने के लिए छोड़ दें। पांच मिनट के बाद इस मिक्सचर को साफ चॉपिंग बोर्ड पर डालें और इसे अच्छे से स्प्रेड करें।इसे स्प्रेड करने के बाद इस मिक्सचर को लंबे-लंबे आकार में काट लें। काटने के बाद इस मिक्सचर को रोल करते हुए एक चकली तैयार कर लें। आपकी शानदान काजू जलेबी बनकर तैयार है।

## शब्द सामर्थ्य- 58

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 57 का हल

## सू-दोकू- 58

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.57 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |